मध्य रेल

रोजगार सूचना संख्या 1/2012 दिनांक 15.11.2012

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
कार्मिक शाखा, पुणे

वर्ष 2012 के लिए स्काउट गाइड कोटा में भर्ती।

टिप्पणी : केवल स्काउट एवं गाइड पृष्ठभूमि के उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय	08.01.2013 को 18.00 बजे तक
अंदमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप के निवासियों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय	15.01.20113को 18.00 बजे तक
अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।	

स्काउट और गाइड कोटे में वर्ष 2012 के लिए के लिए दो पदों के लिए वे.मा.5200 – 20200, ग्रेड पे 1800/- के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

1.0 **स्काउट एवं गाइड कोटे में भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता/शर्तें**

1.1 किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड से न्यूनतम एस.एस.सी पास ।

1.2 स्काउट एवं गाइड अर्हता के समर्थन में उम्मीदवार के पास निम्नलिखित प्रमाणपत्र होने चाहिए :-

1.2(क) राष्ट्रपति स्काउट / गाइड/ रेंजर /रोवर या हिमालय वुड बैज धारक या एच डब्ल्यू बी के पहले प्रशिक्षित स्काउट लीटर/उन्नत प्रशिक्षित गाइड/लीडर/कैप्टन

1.2(ख) विगत में कम से कम तीन साल के लिए स्काउट संगठन का एक सक्रिय सदस्य होना चाहिए तथा वर्तमान में भी सक्रिय होना चाहिए।

1.2(ग) उम्मीदवार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कम से कम एक या राज्य स्तर पर कम से कम दो गतिविधियों में भाग लेना चाहिए या यूनिट/जिला स्तर पर आयोजित स्काउट/गाइड - गतिविधियों में शामिल होने का अच्छा रिकार्ड होना चाहिए।

<u>**व्याख्यात्मक टिप्पणी**</u> :-

क) संलग्न प्रोफार्मा ख के अनुसार पिछले तीन वर्षों में अर्थात 2009-10, 2010 – 11, 2011 – 12

और 2012-13 अधिसूचना जारी होने तक लगातार सक्रियता होनी चाहिए।

ख) उम्मीदवार कम से कम एक या दो राज्य स्तरीय आयोजन के अलावा एक राष्ट्रीय आयोजन में भाग लिया होना चाहिए।

ग) अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तर प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से होना चाहिए।

2.0 उम्र

2.1 दिनांक 01.12.2012 को आयु सीमा 18 - 33 वर्ष है।

2.2 आयु सीमा में छूट :-

3.0

कोटि	आयु सीमा में छूट की अवधि
अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति	05 वर्ष
अन्य पिछड़े वर्ग	03 वर्ष
विधवाओं/तलाकशुदा या न्यायिक रूप से विभक्त महिलाओं के लिए	सामान्य के लिए 35 वर्ष,अनुसूचित जाति/जन जाति के लिए 40 वर्ष तथा अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 38 वर्ष
जम्मू और कश्मीर- 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर मंडल में सामान्य तौर पर अधिवास करने वालों के लिए	05 वर्ष

4.0 **वेतन और अन्य लाभ** -

4.1 चयन पर मासिक परिलब्धियां वेतनमान के न्यूनतम पर होगी तथा वेतन के साथ समय समय पर देय महंगाई भत्ते दिए जाएंगे।

4.2 इसके अतिरिक्त कर्मचारी को मकान किराया भत्ता मिलेगा,जो तैनाती की जगह पर निर्भर करेगा।

4.3 तैनाती :- चुने गए उम्मीदवार को पुणे मंडल पर कहीं भी तैनात किया जाएगा।

4.4 चयनीत उम्मीदवारों की स्काउट और गाइड सेवाओं का, प्रशासन द्वारा जब कभी भी आवश्यकता होगी, गतिविधियों/घटनाओं की व्यवस्था करने के लिए उपयोग किया जाएगा और वे अपने सेवा काल में तैनाती के पद/पदोन्नति के पद के कर्तव्य भी निभाते रहेंगे।

4.5 प्रादेशिक सेना :- चयनित उम्मीदवार,जिनको अंतिम रूप से,नियुक्त किया जाता है, रेलवे यूनिट प्रादेशिक सेना में सक्रिय सेवा के लिए उत्तरदायी है।

5.0 **भर्ती प्रक्रियां** :

5.1 शैक्षिक/स्काउट गाइड योग्यता और निर्धारित आयु होने पर ही उम्मीदवार लिखित परीक्षा में बुलाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता है, जब तक उम्मीदवारों द्वारा रोजगार सूचना में दी गई अन्य शर्तें/अपेक्षाएं पूरी की जाती है।

6.0 **<u>लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम नीचे दिए अनुसार निर्धारित रहेगा</u>** :-

"स्काउटिंग/गाइडिंग का इतिहास, विधि और प्रतिज्ञा,संगठन – जिला और राज्य स्तर, जिला और राज्य स्तर प्रशिक्षण केन्द्र,किताबों की जानकारी,भारत में लड़कों के लिए स्काउटिंग/लड़कियों

के लिए गाईडिंग,उद्देश्य या हाथ मिलाना,सैल्यूट,प्रार्थना,ध्वजगीत,राष्ट्रीय गान,राष्ट्रीय और स्काउटिंग अर्थात झंड़ों को समझना, विभिन्न अवसरों पर सामाजिक सेवाएं,पर्वतारोहण,प्रवीणता बैज, इन्हें कैसे अर्जित किया जाता है? स्काउटिंग/गाइडिंग में चरण, सोच दिन, स्काउट/गाइड/रोवर्स/रेंजरों का प्रगामी प्रशिक्षण,पायोनियरिंग,हस्तशिल्प,भारतीय रेलवे जम्बूरी, राष्ट्रीय जम्बूरी,हवाई जम्बूरी "

6.1 **चयन की विधि** - लिखित परीक्षा में योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

7.0 **भर्ती के लिए सामान्य शर्तें** :

7.1 उम्मीदवार द्वारा आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पात्रता मानदंडों को पूरी करता है। उम्मीदवार के पास किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से आवश्यक शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए और आवेदन भेजने की तिथि को अधिसूचना में दिए गए अनुसार स्काउट और गाइड योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवार द्वारा शैक्षिक प्रमाणपत्र संलग्न किया जाएं। जिनकी अंतिम परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षारत हैं, वे आवेदन नहीं कर सकते हैं।

7.2 उम्मीदवारों द्वारा यह अवश्य सुनिश्चित किया जाएं कि उनके नाम,पिताजी के नाम की वर्तनी और आवेदन प्रपत्र में भरें गए अन्य विवरण मूल प्रमाणपत्रों के अनुसार ही हो। यदि कोई विसंगति हो तो रोजगार सूचना की अंतिम तिथि के पहले संशोधित प्रमाणपत्र अवश्य प्रस्तुत करेंगे। ऐसा न करने पर चयन के किसी भी चरण में आवेदन रद्द किया जा सकता है।

7.3 यदि कोई भी आवेदक अपात्र या कदाचार के किसी रूप में शामिल पाया जाता है,तो भर्ती प्रक्रियां के किसी भी चरण पर प्रत्याशी की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है। यदि नियुक्ति अंजाने में हो गई है, तो इसके बावजूद भी इस प्रकार के अपात्र उम्मीदवारों की सेवा समाप्त की जा सकती है।

7.4 यह सुनिश्चित करने के लिए कि उम्मीदवार अपने पद से संबंधित कार्य करने के लिए चिकित्सकीय दृष्टिसे योग्य है, रेल प्रशासन द्वारा नियुक्ति के लिए चयनित उम्मदवारों को अपेक्षित चिकित्सा स्वस्थता परीक्षा पास करना आवश्यक है।

7.5 प्रभाव या अनुचित साधन प्रयोग करने की कोशिश करनेवाले उम्मीदवार चयन के अयोग्य समझा जाएगा।

7.6 सरकार या न्यायालय द्वारा बाद में दिए गए आदेश के कारण रोजगार सूचना में उल्लिखित विविध सूचनाएं,आंकडे,नियम और शर्तो में परिवर्तन किया जा सकता है।

7.7 सभी रेलों द्वारा आयोजित की गई सभी भर्तियों/रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं से जिन उम्मीदवारों को वंचित किया गया है और इस प्रकार के उम्मीदवारों के वंचित करने की अवधि पूरी नहीं हुई है, वे आवेदन न करें।

7.8 वर्तमान नियमों के अनुसार इस रोजगार सूचना के नियमों एवं शर्तों में किसी प्रकार का बाद में किया गया परिवर्तन मान्य होगा।

7.9 मुफ्त यात्रा की सुविधा प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार द्वारा जाली जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर उसे सभी रेल परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

7.10 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार द्वारा आवेदन में एक बार भरी गई जाति में बाद में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

8.0 भर्ती की विशेष शर्तें :

8.1 स्काउट/गाइड कोटे की भर्ती में जाति आधारित आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। आरक्षित

समूदाय के उम्मीदवारों को सामान्य उम्मीदवार समझा जाएगा।

8.2 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में सक्षम प्राधिकारी का जाति प्रमाणपत्र केवल मुफ्त यात्रा सुविधा और परीक्षा शुल्क मे छूट के लिए प्रस्तुत किया जाए।

8.3 केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समूदाय के उम्मीदवारों को निकटतम रेलवे स्टेशन से लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के स्थान तक मुफ्त द्वितिय श्रेणी रेलवे पास जारी किया जाएगा।

9.0 परीक्षा शुल्क (गैर वापसी योग्य)

9.1(क) सामान्य/अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 40/- रूपए।

9.1(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति,महिलाओं,(*) अल्पसंख्यकों तथा (**) आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों } कुछ नहीं।

टिप्पणी (*) अल्पसंख्यक का अर्थ मुसलमान,ईसाई,सिक्ख,बौध्द और जोरास्ट्रियन (पारसी) होगा।

(**) आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों का अर्थ है जिनके परिवार की आय प्रतिवर्ष रू 50000/-से भी कम है।

निम्नलिखित प्राधिकारी आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान के लिए आय प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिकृत है :-

i) जिला मैजिस्ट्रेट या तहसीलदार के स्तर तक को कोई भी अन्य राजस्व अधिकारी,

ii) अपने निर्वाचन क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए लोकसभा के वर्तमान सांसद सदस्य,

iii) बीपीएल कार्ड या मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अधीन केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य प्रमाणपत्र या रेलवे द्वारा जारी इज्जत मासिक सीजन टिकट,

iv) केन्द्रीय मंत्री भी किसी भी व्यक्ति की देश में कहीं से भी अध्यक्ष, रेल भर्ती बोर्डों को सिफारिश कर सकते हैं।

v) राज्यसभा के सांसद के जिले में सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों के लिए राज्यसभा सदस्य उपर्युक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए आय प्रमाण पत्र निर्धारित संलग्न प्रारूप '**ए**' में होंगे । यह प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के पत्र शीर्ष पर जारी किया जाएगा।

10.0 परीक्षा शुल्क के भुगतान की प्रकार

10.1 परीक्षा शुल्क रूपए 40/- भारतीय पोस्टल ऑर्डर (आईपीओ)/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के रूप में भुगतान किया जाना चाहिए, जो '**वरिष्ठ मंडल वित्त प्रंबधक मध्य रेल, पुणे**' के पक्ष में आहरित तथा पुणे में देय हो। प्रत्याशी द्वारा आईपीओ पर अपना नाम एवं पता लिखना चाहिए। रोजगार की सूचना जारी करने की तारीख से पहले प्राप्त किए गए आईपीओ स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

11. आवेदन कैसे करें

11.1 आवेदन पत्र ए-4 आकार के गुणवत्ता वाले सफेद कागज पर प्रस्तुत किया जाएगा और यह अधिसूचना में दिए गए प्रारूप के अनुरूप होना चाहिए। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सूचना दी जाती है कि आवेदन सुवाच्य अक्षरों में, स्वयं की हस्तलिपि में (अंग्रेजी/हिंदी में) कागज के केवल एक ही ओर हो तथा दिनांक लिखें एवं हस्ताक्षर करें। केवल अंतर्राष्ट्रीय अंकों (1, 2 ,3) का ही प्रयोग करें। उम्मीदवार आवेदन पत्र पर अपने सामान्य हस्ताक्षर (अंग्रेजी/हिंदी में) ही करें।

(संक्षिप्त रूप/कैपीटल अक्षरों/अक्षरों के बीच खाली स्थान वालें आवेदक के हस्ताक्षर अवैध माने जाएंगे) एक आवेदक केवल एक आवेदन पत्र ही भेज सकता है।

11.2 उम्मीदवार का पता पिन कोड के साथ लिखा जाना चाहिए।

12. फोटोग्राफ - उम्मीदवार का सामान्य स्थिति में, स्पष्ट, हाल ही में सामने से निकाला गया, टोपी/धूप का ऐनक/विग के बिना पासपोर्ट आकार का एक फोटो (आवेदन की तिथि से एक माह के अंदर का हो) आवेदन पत्र में दिए हुए स्थान पर चिपकाना चाहिए और फोटोग्राफ के नीचे के बॉक्स में उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षर करना चाहिए। अतिरिक्त एक जैसे दो फोटो आवेदन पत्र के साथ मजबूती से जोड़े । प्रत्येक फोटो के पीछे उम्मीदवार का नाम अवश्य लिखें ।

उम्मीदवार नोट करें कि उम्मीदवार द्वारा आवेदन पर चिपकाए गए पुराने/अस्पष्ट फोटो के लिए रेल प्रशासन उम्मीदवारी अस्वीकृत कर सकता हैं, यदि उम्मीदवार की वास्तविक शारीरिक रूप रेखा में फरक दिखाई देता है ।

13.0 आवेदन पत्र के क्रम संखया 4 में पहचान के चिह्नों को दर्शाने के लिए, उम्मीदवार द्वारा दो दृश्य चिह्न जैसे एक तिल और एक निशान, आदि दर्शाना चाहिए। सामान्यतः ये चिह्न किसी भी दस्तावेज में एक जैसे ही प्रविष्ट किए जाते हैं।

14.0 उम्मीदवार द्वारा आयु, शैक्षिक तथा स्काउट और गाईड अर्हता/जाति के प्रमाण को दर्शाने वाले प्रमाणपत्र तथा आयु में छूट का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना चाहिए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए वास्तविक प्रमाण पत्रों की केवल अनुप्रमाणित जेराक्स प्रतियां ही आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाए, मूल प्रमाण पत्र न भेजे जाए। जेराक्स प्रतियां साफ, स्पष्ट और पठनीय होनी चाहिए और अनुप्रमाणित प्राधिकारी के हस्ताक्षर, दिनांक, पदनाम और मुहर स्पष्ट दिखना चाहिए, जिसके बिना आवेदन पत्र वैध नहीं होगा। यदि प्रमाण पत्र अंग्रेजी/हिंदी में नहीं है, तो अनुप्रमाणित अनुवाद(अंग्रेजी/हिंदी) की प्रतियां साथ में भेजी जानी चाहिए।

15.0 उम्मीदवार को अपने शैक्षिक और स्काउट और गाईड योग्यताओं के प्रमाण में सभी संबंधित प्रमाण पत्रों की साफ अनुप्रमाणित प्रतियां भेजना आवश्यक है।

16.0 यह स्पष्ट रूप से ध्यान में रखा जाए कि संलग्नक, आवेदन पत्र का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए सभी संलग्नकों/दस्तावेजों को आवेदन के साथ ठीक तरह से जोड़ना चाहिए तथा यदि कोई संलग्नक अलग से भेजा जाता है, तो आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया जाएगा और उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

17.0 एक लिफाफे में केवल एक उम्मीदवार का ही एक आवेदन भेजा जाए। एक से अधिक आवेदन पत्रों वाले लिफाफे सरसरी तौर पर रद्द कर दिए जाएंगे।

18.0 **संलग्नक** : आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्नकों को मजबूती से जोड़ा जाना चाहिए :-

18.1 रू.40/- राशि का रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर आवेदन पत्र के उपरी हिस्से में मजबूती से जोड़ा जाएं तथा उसकी संख्या, जारी करने की तिथि आदि आवेदन प्रपत्र में उचित कॉलम में दर्शाई जाए;

18.2 आयु के प्रमाण स्वरूप मैट्रिकुलेशन या समकक्ष प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित जेराक्स प्रति;

18.3 शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों और अंक सूचियों की अनुप्रमाणित जेराक्स प्रतियां ;

18.4 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी, जो तहसिलदार के पद से नीचे का न हो, से प्राप्त जाति प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित जेराक्स प्रति; प्रमाण पत्र में धर्म, जाति और जारी करने वाले प्राधिकारी की मुहर आवश्यक है;

18.5 पैरा 1.2 में दर्शाए गए पात्रता मापदंडों के अनुसार स्काउट और गाईड प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित जेराक्स प्रति।

19.0 **अस्वीकार के आधार/कारण :-**

19.1 आवेदन में कमियां, दोष और अनियमितताएं पाई जाने पर आवेदन अवैध माना जाएगा और उम्मीदवारों को बिना कोई सूचना दिए आवेदन सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा।

19.2 अधिसूचना में उल्लिखित निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवेदन न होना।(उम्मीदवार बाजार से आवेदन प्रपत्र खरीदते समय सुनिश्चित करें कि प्रपत्र आवश्यकता के अनुसार आकार एवं प्रारूप की आवश्यकताओं को पूरा करता हैं)

19.3 अपूर्ण और/या पढ़े न जा सकने वाले आवेदन;

19.4 कम आयु/अधिक आयु के उम्मीदवारों के आवेदन (यदि आयु छूट के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं);

19.5 उम्मीदवार द्वारा स्वयं की हस्तलिपि में न भरे हुए आवेदन;

19.6 हिंदी/अंग्रेजी भाषा के अलावा किसी अन्य भाषा में भरे हुए आवेदन;

19.7 अहस्ताक्षरित/बिना दिनांक के या बड़े अक्षरों कैपिटल अक्षरों में हस्ताक्षर किए गए आवेदन;

19.8 निर्धारित अंतिम तिथि व समय के बाद प्राप्त आवेदन;

19.9 संबंधित प्रमाण पत्रों को संलग्न किए बिना प्राप्त आवेदन;

19.10 अपेक्षित संख्या में उचित फोटो लगाए बिना और चिपकाए गए फोटों के नीचे हस्ताक्षर किए गए बिना, भेजे गए आवेदन;

19.11 आवेदन भेजते समय उम्मीदवार के पास निर्धारित शैक्षिक और स्काउट और गाईड योग्यता न होने वाले आवेदन;

19.12 उचित रूप से रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से परीक्षा शुल्क की आवश्यक राशि के बिना भेजे गए आवेदन;

19.13 हिंदी/अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में संलग्नक;

19.14 आवेदन के साथ जोड़े जाने वाले प्रमाण पत्रों की जेरॉक्स प्रतियां राजपत्रित अधिकारी के अनुप्रमाणन के बिना हो या ऐसी फोटों प्रतियां, जो पढ़ने योग्य न हो या आवेदन पत्र अधूरा हो।

19.15 समाचार पत्र की कतरन पर भरा गया आवेदन पत्र;

19.16 वे आवेदन, जो रेल प्रशासन की राय में इस अधिसूचना में उल्लिखित किसी भी अनुदेश तथा/या शर्त का अनुपालन न करने के कारण अवैध माने गए हैं, या किसी भी तरह से असंगत तथा/या त्रुटिपूर्ण हैं।

20.0 **आवेदन किसे भेजा जाएगा**

सभी संलग्नकों को विधिवत जोड़ते हुए पूरी तरह से भरा गया आवेदन पत्र लिफाफे में भरकर **वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मध्य रेल, पुणे- 411 001** के पते पर भेजें। आवेदन पत्र साधारण डाक से भेजें या इस कार्यालय में इस आवेदन के लिए रखे गए बॉक्स में डालें। पंजीकृत डाक/कुरियर या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे गए आवेदन पत्रों की

प्राप्ति के लिए पावती नहीं दी जाएगी। आवेदन पत्र के लिफाफे पर **लाल** स्याही से "**वर्ष 2012 के लिए स्काउट एन्ड गाइड कोटे के अधीन भर्ती के लिए आवेदन**" स्पष्ट रूप से लिखा जाए।

21.0 **पते में परिवर्तन**:-

यदि पते में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन होता है, तो उम्मीदवार को स्वयं के हित में उसकी ओर से पुराने पते से नए पते पर डाक भेजने के लिए संबंधित डाक घर में सूचना देनी चाहिए।

22.0 पात्रता, आवेदन पत्र की स्वीकृति या अस्वीकृति, मुफ्त पास जारी करना, गलत जानकारी के लिए दंड, चयन की पध्दति, परीक्षा का आयोजन, चयनित उम्मीदवारों को पदों का आबंटन, आदि से संबंधित सभी मामलों में रेल प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में रेल प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की पूछताछ तथा पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

23.0 रेल प्रशासन द्वारा उम्मीदवार का चयन करने पर उम्मीदवार को उस पद के लिए किसी प्रकार का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

24.0 डाक के किसी विलंब तथा गलत सुपुर्दगी के लिए रेल प्रशासन जिम्मेदार नहीं है।

25.0 रेल प्रशासन को असावधानी पूर्वक की गई किसी भी त्रुटि या भूल, यदि हो, को सुधारने का अधिकार है।

26.0 **कानूनी मामले** :-

इस रोजगार सूचना से व्युत्पन्न कोई भी कानूनी मामला केवल केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, मुंबई के कानूनी क्षेत्राधिकार में आता है।

27.0 **महत्वपूर्ण सूचना** :-

यह सुनिश्चित करना उम्मीदवार का उत्तरदायित्व है कि वह पात्रता की शर्तों को संपूर्ण रूप से पूरा करता/करती है तथा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट शर्तों तथा अनुदेशों का पूरी तरह से अनुपालन करता/करती हैं।

ऐसा न करने पर रेल प्रशासन को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में तथा उम्मीदवार के चयन/नियुक्ति के बाद भी उम्मीदवारी रद्द करने का पूर्ण अधिकार है। रेल प्रशासन भर्ती/चयन के संबंध में किए गए किसी भी प्रकार के पत्राचार का उत्तर देने के लिए बाध्य नहीं है तथा इस रोजगार सूचना से उत्पन्न किसी भी प्रकार के उत्तरदायित्व को वहन करने के लिए बाध्य नहीं है।

आवेदन प्रपत्र

वर्ष 2012 के लिए स्काउट/गाइड कोटा के अधीन भर्ती

(केवल स्काउट एवं गाइड पृष्ठभूमि के उम्मीदवार ही आवेदन करें)

सेवा मे
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी,
मध्य रेलवे, पुणे

छायाचित्र
उम्मीदवार के हस्ताक्षर

1. आवेदक का नाम(सुस्पष्ट अक्षरों में) :

उपनाम	नाम	पिता/पति का नाम
....		

2. लिंग(पुरूष/स्त्री) : ....

3. राष्ट्रीयता : ....

4. पहचान चिन्ह : (क)...
(ख)...

5. (क)जन्म तिथि. : ....
(ख)आयु(दिनांक 01/12/2012 को) ....

वर्ष	माह	दिन
....	....	....

6. आवासीय पता : ....
....
.............................(पिन).......................................

7. निकटतम रेलवे स्टेशन : ....

8. जाति (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग) : ....

9. आयु में छूट का कारण, यदि कोई हो (कारण का प्रमाणपत्र संलग्न करें) : ....

10. शैक्षिक योग्यता :

परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	विश्व विद्यालय/बोर्ड	अंकों का प्रतिशत

11. स्काउट एवं गाइड की योग्यता : ....

(कृपया कॉलम में चिह्न लगाएं तथा आवेदन के साथ संबंधित प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रतिलिपि जोड़े)

क्र.सं.	प्रमाणपत्र/योग्यता	हां	नहीं
1	राष्ट्रपति का स्काउट/गाइड/रेंजर/रोवर अथवा एच डब्ल्यू बी के पूर्व प्रशिक्षित स्काउट लीडर/उन्नत प्रशिक्षित गाइड/लीडर/कैप्टन		
2	क्या हाल के पिछले कम से कम तीन वर्षों में किसी स्काउट संगठन के सक्रिय सदस्य हैं तथा क्या अभी भी लगातार सक्रिय हैं?		
3	क्या कम से कम एक राष्ट्रीय स्तर की तथा एक या दो राज्य स्तर की गतिविधि में भाग लिया है? अथवा क्या यूनिट/जिला स्तर की स्काउट/गाइड गतिविधियों में प्रतिभागिता का अच्छा रिकार्ड है?		

12. राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों का विवरण : ....

13. राज्य स्तर के पुरस्कारों का विवरण : ....

14. क्या प्रमाणपत्रों की सूची संलग्न है? : हां/नहीं..

15. संलग्न भारतीय पोस्टल ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट का विवरण :

जारी करने वाले डाक घर / बैंक का नाम	क्र.सं. तथा जारी करने की तारीख	राशि

घोषणा

मैं,..एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे सर्वोत्कृष्ट ज्ञान तथा विश्वास के अनुसार आवेदन पत्र में दिए गए समस्त विवरण सत्य, संपूर्ण तथा सही है। दिए गए विवरण गलत या असत्य पाए जाने पर या योग्यता के मापदंड की शर्तों में मुझे अपात्र पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना कोई सूचना दिए रद्द की जाएगी। मैं यह भी घोषित करता/करती हूँ कि मेरा चयन होने पर मैं मध्य रेल के पुणे मंडल पर कहीं भी सेवा करने के लिए इच्छुक हूँ। मैं निष्ठापूर्वक यह भी घोषणा करता / करती हूं कि यदि मेरी नियुक्ति होती है तो

में लगातार संगठन के लिए काम करूंगा। स्काउट/ गाईड कोटे में नियुक्ति होने के पश्चात मैं, मुझे सौंपे गए सामान्य कर्तव्यों के अलावा स्काउटिंग / गाईडिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सच्चे दिल से कार्य करूंगा/करूंगी, ऐसा न करने पर मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है।

दिनांक : ....

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान : नाम

आवेदन पत्र के साथ जोड़े जाने वाले अपेक्षित दस्तावेजों की सूची

कृपया जांच करें कि निम्नलिखित दस्तावेज विधिवत अनुप्रमाणित करके आवेदन पत्र के साथ जोड़े जाते हैं :-

क्र.सं.	अपेक्षित प्रमाणपत्र	हां	नहीं
1	जन्म तिथि दर्शाने वाले शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र/अंक सूची की प्रतिलिपियां		
2	अधिसूचना में निर्धारित स्काउट/गाइड अर्हता से संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां		
3	राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां		
4	राज्य स्तर के पुरस्कारों के प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां		
5	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए जाति प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि (आयु में छूट/मुफ्त यात्रा सुविधा, जो लागू हो, के लिए)		
6	भारतीय पोस्टल ऑर्डर		
7	तीन पासपोर्ट आकार के फोटो, एक आवेदन पत्र पर चिपकाएं तथा दो आवेदनपत्र के साथ जोड़ें		
8	प्रपत्र -'क ' के अनुसार आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आय प्रमाणपत्र		
9	प्रपत्र -'ख' के अनुसार सक्रियता प्रमाणपत्र		

*****

प्रपत्र – 'क'

पत्र सं.इ(रेभबो)/2009/25/21 दिनांक 28/10/2009 के पैरा 3 के अनुसार पत्र शीर्ष पर जारी किए जाने वाले आय के प्रमाणपत्र का प्रारूप

परीक्षा शुल्क में छूट के लिए आय का प्रमाणपत्र

1.	उम्मीदवार का नाम	:	
2.	पिता का नाम	:	
3.	आयु	:	
4.	आवासीय पता	:	
5.	परिवार की वार्षिक आय (शब्दों और आंकडों में)	:	
6.	जारी करने का दिनांक	:	
7.	हस्ताक्षर	:	.... (नाम)
8.	जारी करने वाले प्राधिकारी की मुहर	:	

*****

अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए घोषणापत्र

यह घोषित किया जाता है कि मैं ....धर्म का/की हूँ जो कि अल्पसंख्यक समुदाय है। इसलिए मैं परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट की मांग करता/करती हूँ। यदि मैं उपयुक्त पाया जाता हूँ, तो मैं दस्तावेजों के सत्यापन के समय गैर-न्यायिक स्टैंप पेपर पर "अल्पसंख्यक समुदाय के घोषणापत्र" का शपथपत्र प्रस्तुत करूंगा/करूंगी।

दिनांक : ....

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान : नाम

प्रपत्र 'ख'

भारत स्काउट्स और गाईड

अध्यक्ष — उपाध्यक्ष

जिला मुख्य आयुक्त — जिला आयुक्त(स्काउट)

सचिव — जिला आयुक्त(गाइड)

कार्यालय का टेलीफोन नं (रेलवे)

सं.-------------------- दिनांक ------------------

प्रमाण पत्र

जिससे भी इसका संबंध हो

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु.-- स्काउट/गाइड/रेंजर/रोवर/स्काउटर/गाइडर श्री --------------------------------------- का/की पुत्र/पुत्री है, जो दिनांक ------------------------- से ----------------- जिले के भारत स्काउट और गाइड का/की सदस्य हैं। वह ----------------- खुला यूनिट/समूह से संबंधित है और आज की तारीख तक सक्रिय हैं।

वह पिछले तीन वर्षों से उपर्युक्त यूनिट/समूह का/की सक्रिय सदस्य हैं। स्काउट/गाइड गतिविधियों में उनके प्रतिभाग का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

वर्ष 2009-10 के लिए प्राप्त प्रमाणपत्र

गतिविधि का नाम	स्थान	कब से	कब तक

वर्ष 2010-11 के लिए प्राप्त प्रमाणपत्र

गतिविधि का नाम	स्थान	कब से	कब तक

वर्ष 2011-12 के लिए प्राप्त प्रमाणपत्र

गतिविधि का नाम	स्थान	कब से	कब तक

(हस्ताक्षर) — (हस्ताक्षर)

ग्रुप लीडर — सचिव, स्काउट तथा गाइड

कार्यालय की मुहर और सील — राज्य/जिला आयुक्त(स्काउट तथा गाइड)

भारत स्काउट तथा गाइड

------ जिला